दिनांक 27 जुलाई 2019

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

दिव्यांगजनों को कृत्रिम सहायक उपकरण प्रदाय करने 29 जुलाई को चयन शिविर का आयोजन, चिकित्सकों की टीम रहेगी उपस्थित

भिलाईनगर/ कार्यालय कलेक्टर समाज कल्याण दुर्ग से प्राप्त दिशा निर्देश के अनुसार 29 जुलाई को प्रातः 10 बजे से 05 बजे तक दिव्यांगजनों के लिए सहायक उपकरण वितरण किये जाने हेतु चयन शिविर का आयोजन स्वामी स्वरुपानंद सरस्वती महाविद्यालय हुडको में आयोजित किया गया है। जिसमें नगर निगम , भिलाई क्षेत्र के सभी दिव्यांगजन जिन्हे उपकरण की आवश्यकता है उन्हे चिकित्सकों द्वारा परीक्षण करके प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया जायेगा! दिव्यांगता का प्रकार- अस्थि बाधित 40 प्रतिशत से अधिक को ट्राईसायकल , व्हील चेयर, रोलेटर, कैलीपर्स इत्यादि, 80 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता होने पर मोटराईज्ड ट्रायसाकल चयन उपरांत प्रदान किया जायेगा। मुकबधिर 40 प्रतिशत से अधिक होने पर श्रवण यंत्र कार्डलेस, दृष्टि बाधित होने पर स्मार्ट फोन , ब्लाईण्ड स्टीक, ब्रेल कीट, मानसिक दिव्यांगता पर 40 प्रतिशत से अधिक होने पर सी.पी. चेयर , एमआर कीट, कृत्रिम अंग 40 प्रतिशत से अधिक होने पर नकली हाथ-पैर दिव्यांग के आधार पर।

जल है तो कल है

जल ही जीवन है!

जनसम्पर्क अधिकारी